<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# <u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

## <u>अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष 2023 के अवसर पर रैली का आयोजन</u>

पंतनगर। 23 फरवरी 2023। वर्ष 2023 को विश्वस्तर पर अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है जिसके तहत देशभर में मोटे अनाज के उत्पादन और उपभोग को बढ़ावा दिया जा रहा हैं। विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय द्वारा 'मोटे अनाज' विषय पर रैली का आयोजन किया गया। रैली का उदघाटन डा. अल्का गोयल, अधिष्ठात्री सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय द्वारा किया गया। उदघ ाटन के उपरान्त महाविद्यालय के द्वितीय, तृतीय एवं अंतिम वर्ष के छात्र–छात्राओं द्वारा रैली के माध्यम से चकफेरी कालोनी के लोगों को पोस्टर व नारे लगाकर मोटे अनाज से होने वाले स्वास्थ्य लाभ जैसे– ब्लड ग्लुकोज का नियंत्रण, वजन घटाने में मद्दगार एवं मोटे अनाज से बने फास्ट फूड के विकल्पों से लोगों को अवगत कराया। रैली का आयोजन डा. अनुपमा पाण्डे, प्रभारी, प्रसार शिक्षा एवं संचार प्रबंधन विभाग तथा डा. पूजा टम्टा, सहायक प्राध्यापिका द्वारा किया गया।



*मोटे अनाज' विषय पर रैली का आयोजन करते विद्यार्थी।*